

Founder & Host By : Nesar Sir

# ALL BOARD FOR HINDI MEDIUM

## कक्षा बारहवीं (12th) - History

**महत्वपूर्ण प्रश्न पाठ – 02**

**राजा, किसान और नगर आरंभिक राज्य और अर्थव्यवस्थाएं**

**(लगभग 600 ई. पू. से 600 ई.)**

**IMPORTANT**

**अतिलघु प्रश्न (02 अंक)**

**प्रश्नः-1 महापाषाण क्या है ?**

**उत्तरः-** (अ) ई. पू.प्रथम सहस्त्रताब्दी के दौरान मध्य और दक्षिण भारत में पाए जाने वाले पत्थरों के बड़े -बड़े ढ़ाँचे हैं ।

(ब) इन्हें कब्रगाहों के ऊपर रखा जाता था । शवों के साथ विभिन्न प्रकार के लोहें के उपकरण और औजारों को दफनाया जाता था ।

**प्रश्नः-2 छठी शताब्दी ई. पू. को प्रारंभिक भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी काल क्यों कहा जाता था ?**

**उत्तरः-** (अ) इस काल को प्रायः आरंभिक राज्यों, लोहे के बढते प्रयोग और सिक्कों के साथ जोड़ा जाता है ।

(ब) इसी काल में बौद्ध और जैन सहित विभिन्न दार्शनिक विचारधाराओं का उदय हुआ ।

**प्रश्नः-3 धम्म महामात्त कौन थे ?**

**उत्तर-** (अ) सम्राट असोक द्वारा नियुक्त विशेष अधिकारी ।

(ब) धम्म के प्रचार के लिए इनकी नियुक्ति की गई थी ।

**प्रश्नः-4 मौर्यो के बारे में जानने के लिए कोई दो स्रोतों के नाम लिखिए ?**

**उत्तरः-** कौटिल्य का अर्थशास्त्र

(अ) मेगस्थनीज का विवरण -इंडिका ।

(ब) असोक का अभिलेख ।

**प्रश्नः-5 कुषाण कौन थे ?**

**उत्तरः-** चीन में रहने वाले एक कबायली जाति ।

(अ) मध्य एषिया से लेकर पश्चिमोत्तर भारत तक एक विशाल साम्राज्य में शासन ।

(ब) भारत में सोने के सिक्के सबसे पहले कुषाणों ने जारी किया था ।

**प्रश्नः-6 असोक के अभिलेख किन -किन भाषाओं व लिपियों में लिखे जाते थे ?**

**उत्तरः-** भाषा-प्राकृत भाषा ब्राहमी लिपि में और यूनानी भाषा-खरोष्ठी लिपि में ।

*ध्यान दे - Plz किसी के साथ Pdf शेयर न करें !*

**लघु प्रश्न (05 अंक)**

**प्रश्नः-7 मगध के एक शक्तिशाली राज्य के रूप में उदय के कारणों की चर्चा कीजिए ?**

**उत्तरः-** महत्वाकांक्षी शासक जैंसे विम्बिसार, अजातशत्रु, महापद्मनन्द ।

2. लोहे की खाने

1. उपजाऊ मिट्टी

2. जंगली क्षेत्रों में हाथी उपलब्ध थे, जो सेना का महत्वपूर्ण अंग था ।

3. दो राजधानियाँ थीं, राजगृह किले बंद शहर था । पाटली पुत्र -गंगा के किनारे बसी हुई थी ।

**प्रश्नः-8 महाजनपदों की प्रमुख पाँच विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ?**

**उत्तरः-** 1. अधिकांश महाजनपदों पर राजा का शासन होता था, लेकिन गण और संघ के नाम से प्रसिद्धराज्यों में कई लोगों का समूह शासन था ।

2. प्रत्येक महाजनपदों की एक किलेबंद राजधानी होती थी ।

3. स्थायी सेना जिन्हें प्रायः कृषक वर्ग से नियुक्त किया जाता था और नियमित नौकरशाही ।

4. धर्मशास्त्र में शासक सहित अन्य के लिए नियमों का निर्धारण, राजा क्षत्रिय वर्ग से।

5. शासकों का काम किसानों, व्यापारियों और शिल्पकारों से कर वसूलना ।

---

**प्रश्नः-9 अशोक के धम्म के बारे में लिखे ?**

**उत्तरः-** 1. बडों का आदर करना

2. सन्यासियों और ब्राहमणों के प्रति उदारता

3. सेवकों और दासों के साथ उदार व्यवहार

4. दूसरे के धर्मों और परंपराओं का आदर

5. धम्म महामात की नियुक्ति

---

**प्रश्नः-10 छठी शताब्दी ई. पू. से छठी शताब्दी ई तक कृषि क्षेत्र में हुए मुख्य परिवर्तनों की उल्लेख कीजिए ?**

**उत्तरः-** 1. कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए लोहे के फाल वाले हल का प्रयोग ।

2. गंगा की घाटी में धान की रोपाई

3. सिंचाई के लिए कुओं, तालाबों व नहरों का प्रयोग ।

4. पंजाब और राजस्थान जैसे अर्धशुष्क जमीनवाले क्षेत्रों में खेती के लिए कुदाल का प्रयोग ।

5. उपज बढ़ने से साधनों पर नियंत्रण के कारण बड़े -बड़े जमींदार और ग्राम प्रधान अधिक शक्तिशाली और किसानों पर नियंत्रण ।

6. शासक वर्ग भूमिदान के द्वारा कृषि को नए क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने की नीति को अपनाया ।

---

**प्रश्नः-11 इतिहास की पुनः निर्माण में अभिलेख किस तरह सहायता करते हैं ?**

**उत्तरः-** 1. शासकों एवं उनकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी ।

2. लिपि और भाषा की जानकारी

3. भूमिदान और अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी ।

4. साम्राज्य का विस्तार ।

5. सामाजिक और धार्मिक जीवन के बारे में जानकारी ।

**प्रश्नः-12 मौर्य प्रशासन की प्रमुख विशेषताएँ क्या थी ? 10**

**उत्तरः-** 1. केन्द्रीय शासन -राजा का नियंत्रण विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, सेना तथा वित्त पर था ।

2. प्रांतीय शासन -प्रांतीय शासन कई प्रांतों में बांट दिया गया था।

3. स्थानीय शासन -पाटलीपुत्र नगर का शासन 30 सदस्यों के एक आयोग द्वारा किया जाता था।

4. राजा साम्राज्य को उच्च अधिकारियों की सहायता से चलाता था ।

5. मौर्य साम्राज्य के पाँच प्रमुख राजनैतिक केंद्र

6. कानून और व्यवस्था

7. संगठित सेना -मेगस्थनीज ने सैनिक गतिविधियों के संचालन के लिए एक समिति और छः उपसमितियों का उल्लेख किया है ।

8. धम्म प्रचार के लिए धम्म महामात्त की नियुक्ति ।

9. भूमिकर, सिंचाई और सड़कों के प्रबंध के लिए विभिन्न् अधिकारी होते थे।

10. गुप्तचर विभाग -गुप्तचर विभाग बहुत सुदृढ़ था।

**प्रश्नः-13 निम्नलिखित अनुच्छेदों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनके अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

सम्राट के अधिकारी क्या -क्या कार्य करते थे ।

मेगस्थनीज के विवरण का एक अंश दिया गया है । साम्राज्य के महान अधिकारियों में से कुछ नदियों की देख -रेख और भूमि मापन का काम करते हैं । जैसा कि मिस्र में होता था । कुछ प्रमुख नहरों से उपनहरों के लिए छोड़े जाने वाले पानी के मुखद्वार का निरीक्षण करते हैं ताकि वह हर स्थान पर पानी की समान पूर्ति हो सकें । यही अधिकारी शिकारियों का संचालन करते हैं । और शिकारियों के कृत्यों के आधार पर उन्हें इनाम या दंड देते हैं । वे कर वसूली करते हैं और भूमि से जुड़े सभी व्यवसायों का निरीक्षण करते हैं। साथ ही लकड़हारों, बढ़ई, लोहारों और खननकर्ता का भी निरीक्षण करते हैं ।

**प्रश्नः-क. साम्राज्य के महान अधिकारियों के कत्र्तव्यों की व्याख्या कीजिए ? (3)**

**उत्तरः-** 1. साम्राज्य के महान अधिकारियों में से कुछ नदियों की देख-रेख और भूमि मापन का काम करते थे।

2. कुछ प्रमुख नहरों से उपनहरों के लिए छोड़ें जाने वाले पानी के मुखद्वार का निरीक्षण करते थे ताकि हर स्थान पर पानी का समान पूर्ति हो सके

3. यही अधिकारी शिकारियों का संचालन करते थे, शिकारियों के कृत्यों के आधार पर ईनाम या दंड़ देते थे, कर वसूली करते थे, भूमि से जुड़े सभी व्यवसायों का निरीक्षण करते थे, साथ ही लकड़हारों बढ़ई लोहारों और खनन कर्ताओं का भी निरीक्षण करते थे।

**प्रश्नः-ख. सैनिक गतिविधियों के संचालन के लिए नियुक्त उपसमितियों की भूमिका की व्याख्या कीजिए ? (3)**

**उत्तरः-** 1. सैनिक गतिविधियों के संचालन के लिए एक समिति और छः उपसमिति का उल्लेख मेगास्थनिज ने किया हैं इन उपसमिति का काम नौसेना, यातायात और खानपान, पैदल सेना, अश्वारोही, रथारोहियों और हाथियों का संचालन करना था ।

2. दूसरी समिति का दायित्व विभिन्न प्रकार का था -उपकरणों को ढ़ोने के लिए बैलगाड़ियों की व्यवस्था सैनिकों के लिए भोजन जानवरों के लिए चारे की व्यवस्था तथा सैनिकों के देखभाल के लिए सेवकों और शिल्पकारों की नियुक्ति करना ।

**प्रश्नः-ग असोक ने अपने साम्राज्य को एकजुट रखने के लिए क्या किया ? (2)**

**उत्तरः-** 1. असोंक ने धम्म के प्रचार के द्वारा अपने साम्राज्य को एकजुट रखने की कोशिश की ।

2. धम्म के प्रचार के लिए धम्म महामात्त नाम से विशेष अधिकारियों की नियुक्ति की।